श्रीपति निज माया तब प्रेरी । सुनहु कठिन करनी तेहि केरी ।।
राम रमापति कर धनु लेहू । खैंचहु मिटै मोर संदेहू ।।
भूमि सप्त सागर मेखला । एक भूप रघुपति कोसला ।।
|| Ram Katha 969 - ॐमानस त्रिपति || Tirupati || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 168 | इंदौर, गुरुवार 01 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# राष्ट्रपति-पीएम समेत राहुल ने दीं नव वर्ष की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देशभर में नववर्ष 2026 का स्वागत उल्लास और उम्मीदों के साथ किया जा रहा है। लोग एक दूसरे को बधाई देकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत देशभर के कई नेताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। सभी लोगों ने खुशहाली, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और प्रगति का संदेश दिया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नव वर्ष के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, नया साल सकारात्मक बदलावों के साथ आत्मचिंतन और नए संकल्पों का भी अवसर है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए साल 2026 की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला साल सभी के लिए अच्छा स्वास्थ्य, समृद्धि और सफलता लेकर आए। प्रधानमंत्री ने कामों में सफलता और जीवन में संतुष्टि की कामना करते हुए समाज में शांति और खुशहाली की प्रार्थना भी की।



# खजराना में नए साल में तीन लाख से ज्यादा भक्तों के जुटने की उम्मीद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के प्रसिद्ध खजराना मंदिर में नए साल पर तीन लाख से अधिक भक्तों के जुटने की उम्मीद है। सुबह से लेकर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहेगा। भीड़ के अनुमान को देखते हुए प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। मंदिर आने वाले भक्त खजराना चौराहा से रिंग रोड और गणेश पुरी आ सकेंगे, लेकिन उन्हें वापस खजराना चौराहा जाने के लिए पुराने खजराना मार्ग का उपयोग करना होगा।**



मंदिर समिति के मैनेजर घनश्याम शुक्ला ने बताया कि मंदिर परिसर में एक जनवरी को देखते हुए विशेष दर्शन की व्यवस्था की गई है। भक्त चलित दर्शन के माध्यम से दर्शन कर सकेंगे। इसके अलावा भक्तों के लिए चार कतारों में दर्शन की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए बैरिकेड लगाए गए हैं। मंदिर समिति एक जनवरी को सुबह पांच बजे मंदिर के पट खोलेगी और विशेष आरती आयोजित की जाएगी। सुबह से लेकर रात तक भक्त दर्शन कर सकेंगे। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए परिसर में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। वहीं, 31 दिसंबर की रात को साढ़े 11 बजे तक मंदिर खुला रहेगा और उस समय परिसर में मौजूद समस्त भक्तों के लिए दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। यातायात पुलिस भी खजराना चौराहे पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए तैनात रहेगी। सर्विस रोड पर आवागमन बाधित न हो, इसके लिए गणेश पुरी में भी पुलिस बल तैनात रहेगा और नो पार्किंग क्षेत्र में वाहनों को खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। खजराना मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा के लिए बैरिकेड लगाए गए हैं। इस बार प्रसाद की दुकानों के सामने से ही बैरिकेड लगा दिए गए हैं, जिसका प्रसाद विक्रेताओं ने विरोध किया है। उनका तर्क है कि बैरिकेड लगाने के कारण भक्त दुकानों से प्रसाद नहीं खरीद पाएंगे। सामान्यतः भक्त अपने जूते-चप्पल भी दुकानों के बाहर ही उतारते हैं, इसलिए दुकान वाले हिस्से को बैरिकेड से मुक्त रखा जाना चाहिए। इसी विरोध के स्वरूप मंगलवार को दुकानें बंद रहीं।

" आबकारी विभाग की सतत कार्रवाई जारी "

## दो मामले में कुल 61 हजार रुपए से अधिक की अवैध मदिरा जब्त



**इंदौर।** नववर्ष के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी के आदेशानुसार आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं बारों की सघन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान दीपश्री ढाबा स्थान सिलिकॉन सिटी की जांच के दौरान 30 बोतल अलग-अलग ब्रांड की मदिरा जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 28 हजार 500 रुपये है।

एक अन्य जांच अभियान के दौरान महाराजा ढाबा राऊ बायपास स्थित दीपश्री ढाबा की जांच की गई। उक्त कार्यवाही में कुल 17 बल्क लीटर माल्ट व 21.6 बल्क लीटर स्पिरिट जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 32 हजार 620 रुपए होना पाया गया है। ढाबा संचालकों एवं शराब पीने वालों पर आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। अभियान का उद्देश्य नववर्ष के दौरान अवैध मदिरा की बिक्री, अनियंत्रित शोर एवं अनुशासनहीन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। यह जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## आखिर पाइप लाइन पर कैसे शौचालय बन गया?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर देश का सबसे साफ शहर है। यहां की आबो हवा ठीक है, लेकिन पानी? वो तो जहरीला हो रहा है। भागीरथपुरा बस्ती में नलों में जहरीला पानी बहा और 12 लोगों को अपनी जान गंवाना पड़ी। गंदे पानी की समस्या शहर के कई हिस्सों में है, लेकिन निगम के अफसरों को जागने के लिए लोगों की मौत का इंतजार रहता है। हैरानी की बात है कि नर्मदा पाइप लाइन पर शौचालय बन गया और उसका पानी पेयजल लाइन में मिलता है। मौत ने अभी भागीरथपुरा का पता देखा है, लेकिन शहर के और भी इलाके हैं, जहां बरसों पुरानी लाइनों में धीरे-धीरे ये जहरीला पानी बह रहा है। आखिर पाइप लाइन पर कैसे शौचालय बन गया? जिम्मेदार अफसरों ने तब क्यों ध्यान नहीं दिया? पुरानी शिकायतों पर सुनवाई क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार कौन है? भागीरथपुरा शहर की अवैध बस्तियों में शुमार है। 50 साल पहले यहां संतराम



और सुखराम के भट्टे होते थे। भट्टे बंद हुए और भूमाफिया ने प्लॉट बेचना शुरू कर दिए। 1975 के आसपास यहां बसाहट शुरू हुई। न ड्रेनेज लाइन बिछी थी न पानी का पता। घनी बसाहट हो गई और लोग 'वोटबैंक' बन गए तो चुनाव जीतने वालों ने काम शुरू किए, लेकिन कोई प्लानिंग नहीं की। बेकलेन थी नहीं तो सड़क के आसपास ही नर्मदा और ड्रेनेज लाइन डाल दी गई। भागीरथपुरा में गंदे पानी की समस्या सालभर से है। यहां की लाइनें 30 साल से ज्यादा पुरानी हैं और कमजोर हो चुकी हैं। भागीरपुरा से जुड़ा नगर निगम का जोन शिकायतों में शहर में दूसरे स्थान पर है। दो माह में सबसे ज्यादा गंदे पानी की शिकायतें मिलीं, लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। महापौर परिषद ने भागीरथपुरा बस्ती की लाइन बदलने के लिए अगस्त माह में मंजूरी दी थी, लेकिन अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया ने फाइल आगे ही नहीं बढ़ाई। बस्ती में ड्रेनेज की मुख्य लाइन डाल दी गई, लेकिन उससे जोड़ने वाली पुरानी लाइनें अब तक नहीं डाली गईं। सरकार ने भी बड़े अफसरों को लापरवाही की सजा देने के बजाय जोनल अधिकारी शालिग्राम सितोले, सहायक यंत्री योगेश जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, जबकि पीएचई के प्रभारी उपयंत्री शुभम श्रीवास्तव की तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त की गई है। गंदे पानी के कारण एक सप्ताह से यहां मौतें होने लगी थीं। मरीज भी दस दिन से बड़ी संख्या में सामने आने लगे थे। भागीरथपुरा बस्ती में दूरसंचार कंपनी ने भी टेलीफोन लाइन के लिए बस्ती में खुदाई की थी। ट्रेंचलेस खुदाई के कारण कई बार ड्रेनेज और पेयजल लाइन में लीकेज हो जाता है और पानी दूषित होने की शिकायतें आती हैं, लेकिन उसकी जांच भी नहीं की जाती है। भागीरथपुरा बस्ती में 200 से ज्यादा डायरिया के मरीज हैं। पांच दिन में 10 मौतें बस्ती में हो चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग तीन मौतों की वजह डायरिया मान रहा है। अभी भी 111 मरीज अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग एक हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज कर चुका है।

## दूषित पानी पीने से हुई मौत के मामले में कांग्रेस ने कांग्रेस ने घेरा थाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले ने अब राजनीतिक और कानूनी तूल पकड़ लिया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा दल बाणगंगा पुलिस थाने पहुंचा और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए आवेदन सौंपा। ग्रेस ने अपने मांग पत्र में स्पष्ट किया है कि भागीरथपुरा में हुई 12 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के बीमार होने के पीछे सीधे तौर पर नगर निगम की लापरवाही है। पार्टी ने मांग की है कि महापौर



पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त दिलीप यादव और जल समिति के प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या (धारा 304 ए) और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। पुलिस को सौंपी गई शिकायत में बताया गया कि नगर निगम द्वारा ड्रेनेज मिश्रित पानी की सप्लाई की गई, जिसे पीने से क्षेत्र के निवासियों को गंभीर संक्रमण हुआ। उपचार के दौरान नंदलाल पाल, उर्मिला यादव, ताराबाई, गोमती रावत, सीमा प्रजापत, मंजुला वाडे और उमा कोरी जैसे नागरिकों ने दम तोड़ दिया। कांग्रेस का आरोप है कि पेयजल व्यवस्था के जिम्मेदार इंजीनियरों और अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया, जिससे साफ पानी की जगह लोगों के घरों तक जहरीला पानी पहुंचा। कांग्रेस नेताओं ने डीसीपी राम स्नेही मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलता है। शिकायत में जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम की धाराओं के तहत भी कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के प्रभारी दीपू यादव, विपिन वानखेड़े, सत्यनारायण पटेल और कई पार्षद उपस्थित रहे।

## चाइनीज मांझा बेचने वाले मेवाती मोहल्ला के दो दुकानदार तड़ीपार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नर संतोष कुमारसिंह ने मेवाती मोहल्ला के दो दुकानदारों को तड़ीपार (जिलाबदर) कर दिया। आरोपितों को चाइनीज मांझा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस मांझा बेचने वालों के गोदाम और दुकानों को सील भी कर चुकी है। कमिश्नर ने 3 के विरुद्ध निर्बंधन की कार्रवाई करते हुए थाने में हाजिरी लगाने के आदेश दिए है। एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक शोएब पुत्र मोहम्मद सईद मेव निवासी मेवाती मोहल्ला और समीर पुत्र शफीक मेव निवासी मेवाती मोहल्ला को जिलाबदर किया गया है। आरोपितों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा भी दर्ज हो चुका है। आरोपित शफीक मेव निवासी मेवाती मोहल्ला, जावेद उर्फ बबलू खान निवासी फरीद खान, आरिफ हुसैन निवासी मेवाती मोहल्ला को निर्बंधन के तहत थाना में में हाजिरी लगाने के आदेश दिए है।

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 168 | इंदौर, गुरुवार 01 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मुख्यमंत्री भी भागीरथपुरा बस्ती के मरीजों से मिलने अस्पताल पहुंचे





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में गंदे पानी से हुई दस मौतों के बाद कई घरों में मातम पसरा है। लोगों में गुस्सा भी है, लेकिन वे फिर भी खामोश हैं। बस्ती में दो दिन से जनप्रतिनिधियों के दौरे, निर्देशों के सिलसिले जारी है। बुधवार को वे बस्ती में बैठे नजर आए। उधर शाम को मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री मोहन यादव भी भागीरथपुरा बस्ती के मरीजों से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मुंह पर मास्क लगा रखा था।**

हैरानी की बात यह है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उनके साथ होने के बजाए बस्ती में ही बैठे रहे। मुख्यमंत्री के साथ मेयर पुष्य मित्र भार्गव, मंत्री तुलसी सिलावट और विधायक गोलू शुक्ला थे। विधायक रमेश मेंदोला भी उनके साथ दिखाई नहीं दिए,हालांकि विजयवर्गीय बाद में एमवाय अस्पताल पहुंचे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सुबह दस बजे से बस्ती के एक मकान के बाहर सौफे पर बैठे रहे। वे शाम तक वहीं बैठे और रहवासियों से मिलते रहे। बीच-बीच में वे बोतलबंद पानी पीते रहे। घर पर जाकर खाने खाने के बजाए उन्होंने वहीं बैठकर सेव परमाल खाए। उनके आसपास सुरक्षाकर्मी भी तैनात थे। कैलीश विजयवर्गीय के साथ कुछ देर के लिए मेयर पुष्य मित्र भार्गव भी बैठे थे। वे फोन पर व्यस्त रहे। कभी रील देखी तो कभी भागीरथपुरा की खबरों को उन्होंने देखा। मेयर ने मंगलवार को पत्रकारों को चाय पर चर्चा के लिए बुलाया था। इस मामले में भी कांग्रेस ने उन्हें आड़े हाथों लिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल का कहना था कि भागीरथपुरा में लोग मर रहे थे और मेयर को चाय पर चर्चा करने से फुर्सत नहीं थी। भागीरथपुरा के पार्षद कमल वाघेला का झूला झूलने वाला फोटो भी खूब वायरल हो रहा है। वे बस्ती में ही एक घर के बाहर झूला रहे थे और कैमरे में कैद हो गए।

## रहवासियों की जांच के लिए 22 टीम बनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** स्वास्थ्य विभाग ने भगीरथपुरा के हर घर के रहवासियों की जांच के लिए 22 टीम बनाई है, जो घर-घर जाकर मरीजों की जांच करेगी। हर टीम में 5 स्वास्थ्यकर्मियों का स्टाफ है, जिसमें एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक एमपीडब्लू मतलब मल्टी परपज वर्कर, एक आशा कार्यकर्ता और एक एएनएम यानी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डाक्टर हसानी के अनुसार पूरे भागीरथपुरा में लगभग 14 गलियां हैं। यहां पर आंगनवाड़ी, संजीवनी क्लिनिक सहित 2 सरकारी अस्पताल हैं। यह दोनों अस्पताल 24 घण्टे के लिए खुले हैं। यहां पर निजी मेडिकल कॉलेज के एमडी डाक्टर्स की ड्यूटी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की 22 टीम के सभी सदस्य हर गली के हर घर के सदस्य का परीक्षण कर रहे हैं। कल 2700 घरों का निरीक्षण किया है। क्लोरीन की 25 हजार गोलियां बांट रहे हैं, साथ मे ंओआरएस और जिंक की दवाइया घर-घर दी जा रही हैं। सरकारी अस्पताल में 2 डाक्टर, 4 नर्सिंग ऑफिसर अस्पतालों में रात में मौजूद हैं। वर्मा नर्सिंग होम को भी स्वास्थ्य विभाग अपने कर्मचारी और दवाइयां मुहैया करा रहा है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में घटना के संबंध में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की संयुक्त बैठक**

● भागीरथपुरा जलजनित घटना की पुनरावृत्ति रोकने के होंगे पूरे इंतजाम

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## शुद्ध पेयजल आपूर्ति हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज इंदौर में समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना की पृष्ठभूमि, वर्तमान स्थिति और अब तक की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे इंतजाम सुनिश्चित किये जायेंगे जिससे की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्पमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, श्री गोलू शुक्ला, अपर मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन श्री संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव सीएम सचिवालय श्री नीरज मण्डलोई, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, एमआईसी मेम्बर श्री अभिषेक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थिति पर सतत निगरानी एवं त्वरित निर्णय सुनिश्चित करने के लिए अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे को इंदौर में ही तैनात रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम की आवश्यकता को देखते हुए पर्याप्त अमला और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में टैंकरों के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जलापूर्ति पुनः प्रारंभ होने पर कहीं भी लीकेज या संदूषण की आशंका पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लगभग 60 प्रतिशत हिस्से में जलापूर्ति शुद्ध पाई गई है, जबकि शेष हिस्सों में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त लाइनों के कारण समस्या सामने आई है, जिन्हें दुरुस्त किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर हुई किसी भी प्रकार की लापरवाही की जांच की जा रही है। विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, एक भी नागरिक को इस प्रकार का कष्ट न हो—यह हमारी जिम्मेदारी है। जो हुआ वह दुखद है, लेकिन इससे सबक लेकर भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए सरकार पूरी दृढ़ता से कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, शासकीय एवं निजी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से इस आपात स्थिति को नियंत्रित किया गया है और प्रभावित नागरिकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया है।

बैठक में बताया गया कि शहर के भागीरथपुरा वार्ड क्रमांक में गंदे पानी की आपूर्ति की आशंका सामने आने के बाद त्वरित कार्रवाई की गई। बीते दो-तीन दिनों में लगभग 40 हजार से अधिक नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 2 हजार 456 संदिग्ध मामलों में लक्षण पाए गए। इनमें से 212 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया गया, जिनमें 50 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि 162 मरीजों का उपचार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वे स्वयं जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न अस्पतालों में जाकर मरीजों से मिले हैं और अधिकांश मरीजों की स्थिति स्थिर है।

बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने स्थिति के संबंध में जानकारी दी।

### जानें 2025 में कितनी चढ़ी भेंट

# महाकाल के खजाने में 15 करोड़ की वृद्धि, चांदी से चमका भंडार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर साल 2025 मे भी देश-विदेश के आस्थावानों का प्रमुख केंद्र रहा। एक जनवरी 2025 से अब तक 5.5 करोड़ दर्शनार्थियों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इसी के साथ मंदिर में 100 करोड़ रुपये से अधिक का दान भी आया। करीब 13 करोड़ रुपये का सोना-चांदी भी भेंट के रूप में प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर यह गत वर्ष की तुलना में अधिक है। बीते वर्ष 92 करोड़ रुपये दान के रूप में प्राप्त हुए थे।**

12 ज्योतिर्लिंग में से एक बाबा महाकाल का धाम लाखों करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का खास केंद्र है। वर्ष 2025 में बाबा महाकाल के धाम में धन वर्षा का हैरान कर देने वाला आंकड़ा सामने आया है। एक अरब रुपये से अधिक का दान मंदिर समिति को वर्ष भर में अलग-अलग माध्यमों से मिला है। मंदिर समिति के अनुसार एक जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक 5.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने साल भर में यह दान राशि अलग-अलग माध्यमों से दी है। प्रत्येक वर्ष श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के द्वारा यह आंकड़ा मंदिर समिति द्वारा जारी किया जाता है। महाकाल महालोक बनने के बाद से लगातार दान में भी बढ़ोतरी हुई है। यह सभी दान राशि श्रद्धालुओं की सुरक्षा



सुविधा सुगम दर्शन व्यवस्थाओं में उपयोग में ली जाती है।

### बाबा महाकाल का दरबार

मंदिर समिति अध्यक्ष और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया की साल भर में जो सावन का महीना था। उसी में लगभग 30 करोड़ का दान मंदिर समिति को मिला है। जिससे समझ में आता है कि प्रत्येक वर्ष दान राशि मंदिर में बढ़ रही है, क्योंकि पिछले वर्ष सावन के महीने में यह आंकड़ा 21-22 करोड़ का था। ऐसे में साल भर का जो आंकड़ा आया है। वह वाकई हैरान करता है। मंदिर समिति इसी दान राशि से अपनी तमाम व्यवस्थाओं को संचालित करती है। पिछले साल 2024 में जो दान राशि थी, वह लगभग 92 करोड़ रुपये की थी इस बार अधिक है। पिछले वर्ष की तुलना में 15 करोड़ अधिक दान मिला है। यानि इस बार 1 अरब 07 करोड़ 93 लाख है।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 11 महीने 15 दिनों में कुल 107 करोड़ 93 लाख की आय दान पेटी और शीघ्र दर्शन, आभूषणों के माध्यम से हुई है। जिसमें 592.366 किलो चांदी, 1483.621 ग्राम सोना, जिनकी कीमत लगभग 13 करोड़ से अधिक है। साल भर में अभी 2 दिन शेष है, ऐसे में उम्मीद है कि यह आंकड़ा और बढ़ेगा। प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया की 2025 में 1483.621 ग्राम सोना जो 2024 में 1533 ग्राम था, 592.366 ग्राम चांदी 2025 में जो 2024 में 399 किलो थी। यानी इस वर्ष चांदी का दान ज्यादा मिला है। 13 करोड़ से अधिक के आभूषण हैं। ऐसे ही नकद राशि 43 करोड़ 43 लाख, शीघ्र दर्शन से 64 करोड़ 50 लाख की राशि मिली है।

### महाकाल महालोक बनने के बाद बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

महाकाल मंदिर में श्री महाकाल महालोक बनने और अक्तूबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका लोकार्पण करने के बाद से ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ी है। पहले मंदिर में रोजाना 35 से 40 हजार श्रद्धालु आते थे। श्री महाकाल महालोक के बाद संख्या 80 हजार से एक लाख प्रतिदिन पहुंच गई। पर्व त्योहार जैसे श्रावण सोमवार, महाशिवरात्रि आदि पर ये संख्या दो लाख के पार हो जाती है। अनुमान है कि आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ेगी।

### बाबा महाकाल का दरबार

1. एक नजर इस साल के आंकड़ों पर
2. 5.5 करोड़ दर्शनार्थियों ने किए महाकाल दर्शन।
3. 43 करोड़ रुपये विभिन्न दानपेटियों से भेंट के रूप में प्राप्त हुए।
4. 64 करोड़ रुपये शीघ्र दर्शन व्यवस्था (टिकट) से मंदिर समिति को प्राप्त हुए।
5. 13 करोड़ रुपये का सोना-चांदी भी भेंट स्वरूप मंदिर को मिला है।

### क्या शामिल क्या नहीं....?

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि 1 अरब से अधिक के दान में शीघ्र दर्शन, दान पेटी, लड्डू प्रसादी, नगद और आभूषणों को जोड़ा गया है। दान राशि में भस्म आरती बुकिंग, अभिषेक पूजन, अन्न क्षेत्र, धर्मशाला बुकिंग, फोटोग्राफी मासिक शुल्क, भांग एवं ध्वज बुकिंग उज्जैन दर्शन बस सेवा से होने वाली आय को शामिल नहीं किया गया है।

# गेस्ट हाउस में प्रेमिका को मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुर, एजेंसी।** जिले के नरवर थानांतर्गत कस्बे में स्थित एक गेस्ट हाउस में एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की बेल्ट से गला काट कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

बताया जाता है कि ग्राम इमलिया नरवर निवासी गोकुल पुत्र मूलचंद्र कोली का करीब 15 साल पहले अपने ही गांव की लड़की रिंकी कोली से प्रेम प्रसंग था। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे। हालांकि परिजनों के राजी न होने के कारण वह शादी नहीं कर सके। रिंकी की शादी ग्वालियर में किसी चंदन कोली से कर दी गई। इसके बावजूद दोनों के बीच के बीच प्रेम प्रसंग बने रहे। गोकुल ने रिंकी के प्यार के चलते शादी ही नहीं की। इसी बात को लेकर रिंकी और उसके पति के बीच भी झगड़े होने लगे। यह बात जब मायके वालों को पता चली तो उन्होंने गोकुल की मारपीट भी की थी। हालांकि इसके बाबजूद दोनों का मिलना जुलना बंद नहीं हुआ। इसी क्रम में पिछले कुछ दिनों से रिंकी कोली अपने मायके में थी। दोनों के बीच मुलाकात होती रहीं तो गोकुल के दिल में एक बार फिर से रिंकी को अपना बनाने की तमन्ना जाग गई। इस बीच वह रिंकी पर दवाब बनाने लगा कि वह सब कुछ छोड़कर उसके साथ आ जाए। इधर रिंकी के बच्चे बड़े हो रहे थे। परिवार का भी दवाब था, इसलिए वह गोकुल की बात मानने तैयार नहीं हुई। गोकुल ने रिंकी को समझाने के लिए एक बार मिलने के लिए नरवर के अमर शांति गेस्ट हाउस में बुलाया। दोनों सुबह करीब 10:30 बजे नरवर पहुंच गए। उन्होंने अमर शांति गेस्ट हाउस में कमरा लिया। दोनों कमरे में चले गए। वहां कुछ देर बाद ही दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। आवाज जब बाहर आई तो गेस्ट हाउस का मालिक दारा सिंह कुशवाह वहां पहुंचा, उसने कमरा खुलवाया तो देखा कि रिंकी जमीन पर खून से लथपथ पड़ी हुई थी।

# शहर के साथ गांव-गांव में भी मिलेगी सुगम लोक परिवहन सेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नव वर्ष में शीघ्र ही प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन होगा, जिससे गाँव-गाँव तक सस्ती और सुविधाजनक बस सेवा नागरिकों को मिलेगी। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में लग्जरी बसे भी चलाई जायेंगी।**

प्रदेश में नगर वाहन सेवा सहित अंतर्शहरी बस सेवा को सुगम बनाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा को प्रारंभ करने की स्वीकृति दी जा चुकी है। यात्री परिवहन सेवा प्रारंभ करने के लिये 101 करोड़ 20 लाख रूपये की अंशपूंजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों



में सार्वजनिक परिवहन के लिये कंपनी एक्ट के तहत एसपीवीएस गठित हैं, जिसमें से 16 कार्यरत हैं। उक्त समस्त कंपनियों के साथ संभागीय कंपनी के रूप में मर्ज किये जाने का भी निर्णय लिया गया है।

**7 कंपनियों के नियंत्रण के लियेराज्य स्तर पर होल्डिंग कंपनी का गठन-** प्रदेश में परिवहन व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिये 7 कंपनियों के एकीकृत नियंत्रण के लिये राज्य स्तर पर कंपनीज एक्ट 2013 के तहत एक होल्डिंग कंपनी का गठन करने का भी निर्णय लिया गया है। कैबिनेट मीटिंग में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति के गठन की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

### बस परिवहन अधोसंरचना के लिये पीपीपी मोड पर होगा काम

मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा संचालन के लिये बस परिवहन अधोसंरचना के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रक्रिया से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदंडों का यात्री एवं बस ऑपरेटर के लिये सुविधाओं कानिर्माण किया जायेगा। बस संचालन एवं संधारण के लिये पीपीपी मोड प्रक्रिया से, निजी बस ऑपरेटर्स को संगठित रूप से एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संचालित किया जायेगा। परिवहन सेवा की निगरानी के लिये आईटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन की स्थापना करते हुए बस ऑपरेशन्स पर प्रभावी निगरानी रखी जायेगी। होल्डिंग कंपनी द्वारा एक कुशल आईटी प्लेटफार्म स्थापित करते हुए उस पर नोटिफाइड रूट अनुसार निजी बस ऑपरेटर्स को अनुबंधित किया जायेगा। साथ क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय के स्रोत निर्माण के लिये इस योजना में विशेष इंतजाम किये गये हैं। नवीन परिवहन योजना का सबसे अधिक लाभ यात्रियों को होगा। बस ऑपरेटर्स को बेहतर माहौल और उन्हें कंटिन्यूअज बिजनेस देने का प्रावधान भी इस नवीन परिवहन सेवा योजना में किया गया है।

# महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चोरी करता, फिर पहनकर सोता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी की कोलार पुलिस ने एक अजीबोगरीब चोर को पकड़ा है। आरोपी महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चोरी करता, फिर खुद पहनकर घूमता था। मंगलवार रात वह अमरनाथ कॉलोनी में रहने वाले एक डेरी संचालक के घर घुसा और बालकनी से महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चुरा लिए। डेरी संचालक के मुताबिक, रात करीब 12:30 बजे बालकनी में परछाई दिखी। गेट खोलकर ललकारने पर आरोपी



अंडरगारमेंट्स लेकर भाग गया, लेकिन भागते समय उसका श्रमिक कार्ड घर में गिर गया, जिस पर नाम दीपेश लिखा था। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने बुधवार दोपहर आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी सो रहा था और चोरी किए गए अंडरगारमेंट्स उसने पहन रखे थे। इसका वीडियो भी सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने इससे पहले मंदाकिनी कॉलोनी के एक अन्य घर में भी चोरी की थी। भागते समय वहां से चुराए गए अंडरगारमेंट्स उनके घर में छूट गए, जिन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है।

## संपादकीय

# जरूरतमंदों के लिए सुप्रीम कोर्ट की नई पहल

देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में जरूरतमंद लोगों के मामलों की जल्द सुनवाई के लिए एक नई व्यवस्था बनाई है। मामलों की सुनवाई में प्राथमिकता देने के लिए चार श्रेणियां बनाई गई हैं। ये नई श्रेणियां दिव्यांगों और एसिड हमले के पीड़ितों, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले और वे लोग जो मुफ्त वकील सहायता के जरिए कोर्ट पहुंचते हैं। इस नई व्यवस्था की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि सोमवार और शुक्रवार को लगने वाले लगभग 800 मामलों की भीड़ में उनके मामले नीचे दब जाते थे। इन्हीं दो दिनों में सुप्रीम कोर्ट की 16 बेंच नई याचिकाओं पर सुनवाई करती हैं। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री की ओर से जारी लेटर में वकीलों, स्वयं उपस्थित पक्षकारों और सभी हितधारकों से अनुरोध किया गया है कि वे दायर की जाने वाली सभी नई याचिकाओं में यह जरूर दर्ज करें कि यह मामला किस श्रेणी में आता है साथ ही इसका एक सरकारी प्रमाण भी जमा करें। इससे सुप्रीम कोर्ट को ऐसे मामलों की सूची को प्राथमिकता देने में सहायता मिलेगी। देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा निपटाए गए मामलों की विशाल संख्या किसी भी अन्य देश के सर्वोच्च न्यायालय से कही अधिक है। 2025 में, सुप्रीम कोर्ट में 75,280 मामले दाखिल किए गए - 51,357 दीवानी और 23,923 आपराधिक। इसमें 65,403 मामलों (कुल दर्ज मामलों का 87%) का निपटारा किया, जिनमें 42,793 दीवानी और 22,610 आपराधिक मामले शामिल हैं। इसके विपरीत अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में हर साल हजारों मामले दर्ज होते हैं, लेकिन वह केवल 70-80 मामलों पर ही सुनवाई के लिए स्वीकार करता है। 29 दिसंबर तक, ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट को 200 से कुछ अधिक मामले प्राप्त हुए थे और उसने लगभग 50 मामलों में फैसले सुनाए थे। वहीं भारत के सुप्रीम कोर्ट ने 1,400 से अधिक लंबे फैसले और हजारों मामलों के निपटारे के आदेश दिए।

**इंदौर में नए साल 2026 का जश्न सुरक्षा के कड़े घेरे में मनाया जा रहा है। 56 दुकान और सराफा में स्वाद के साथ सादगी का संगम दिख रहा है, जबकि खजराना मंदिर में दर्शन के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।**

# मंदिरों में शाम से ही भीड़, होटल और पब भी फुल, पुलिस कर रही हर चौराहे पर चेकिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता में सिरमौर और 'मिनी मुंबई' कहे जाने वाले इंदौर शहर में नए साल 2026 के स्वागत की तैयारियां अपने चरम पर हैं। जहां एक ओर शहर के युवाओं में जश्न को लेकर भारी उत्साह है, वहीं इंदौर पुलिस ने हुड़दंगियों से निपटने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'लोहे की दीवार' खड़ी कर दी है। खजराना गणेश मंदिर, पितृ पर्वत और रणजीत हनुमान जैसे प्रमुख मंदिरों में भारी भीड़ है और विभिन्न क्षेत्रों में बने धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों पर भी शाम से लोगों का तांता लगा हुआ है। खजराना मंदिर में नए साल पर दो लाख से अधिक भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है। रात 11 बजे के बाद दर्शन बंद हो जाएंगे और कल सुबह 4 बजे से फिर दर्शन शुरु होंगे।**

### ● होटलों और पबों में 'जंगल थीम' और 'लालटेन फेस्टिवल' की धूम

शहर के प्रमुख होटलों, बायपास स्थित रिसॉर्ट्स और पबों में युवाओं के लिए विशेष आयोजन किए गए हैं। इस बार 'जंगल लालटेन फेस्टिवल' और 'जंगल म्यूजिक फेस्ट' जैसे अनूठे थीम आधारित इवेंट्स युवाओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शहर के बाहरी इलाकों में स्थित फार्महाउसेस पर कैंपिंग और अलाव (Bonfire) के साथ लाइव म्यूजिक का आनंद लिया जा रहा है। पुलिस ने पब और क्लब संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश न दें और महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'फीमेल बाउंसर' की तैनाती अनिवार्य रूप से करें।

### ● सराफा और 56 दुकान: स्वाद के साथ सादगी का संगम

इंदौर की पहचान 56 दुकान और सराफा चौपाटी पर शाम से ही भारी भीड़ देखी जा रही है। इस वर्ष 56 दुकान व्यापारी एसोसिएशन ने एक अनूठी पहल की है। व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि वे अनावश्यक सजावट और हंगामे के बजाय नए साल का बड़ा उत्सव 22 जनवरी (राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ) पर मनाएंगे। हालांकि, इंदौरी जायके का लुत्फ उठाने वालों के लिए दुकानें खुली हैं। रात 12 बजे के बाद भी सराफा में चटोरों की भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसे देखते हुए यहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### ● पुलिस की चेतावनी: 'कोशिश करें आप हमारे मेहमान न बनें'

इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में 500 से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जारी कर सख्त लहजे में चेतावनी दी है 'कोशिश करें आप हमारे मेहमान न बनें'। शहर के 150 से अधिक पॉइंट पर 'ब्रीथ एनालाइजर' के साथ चेकिंग की जा रही है। नशे में गाड़ी चलाने वालों की गाड़ियां जब्त की जा रही हैं। भंवरकुआं, विजय नगर और पलासिया जैसे संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से भीड़ पर नजर रखी जा रही है। 'पिंक पेट्रोल' की टीमें पूरे शहर में गश्त कर रही हैं ताकि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता न हो।

### ● पर्यटन और धार्मिक प्लान: आस्था के साथ शुरुआत

नए साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी को इंदौरवासियों ने धार्मिक स्थलों की ओर रुख करने का प्लान बनाया है। खजराना गणेश मंदिर में दर्शन का समय सुबह 4 बजे से शुरू होगा। भारी भीड़ को देखते हुए 'जिग-जैग' रेलिंग और अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। मांडू, महेश्वर, और पातालपानी जैसे नजदीकी पिकनिक स्पॉट के लिए हजारों की संख्या में बुकिंग हो चुकी है। कई परिवार नए साल का पहला दिन उज्जैन के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर आध्यात्मिक रूप से मनाना चाह रहे हैं।

New Delhi

# दिल्ली में आज से शुरू होगी भारत टैक्सी कैब सर्विस जानें इस्तेमाल से लेकर किराए तक हर जरूरी बात

**नई दिल्ली, (एजेंसी) आज से राजधानी दिल्ली की सड़कों पर एक नई सरकारी कैब सर्विस उतर चुकी है, जो निजी कैब कंपनियों के लंबे एकाधिकार को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार है. भारत टैक्सी नाम की यह पहल सरकार समर्थित प्लेटफॉर्म के तौर पर शुरू की गई है, जिसका मकसद आम यात्रियों को किफायती, सुरक्षित और पारदर्शी टैक्सी सेवा उपलब्ध कराना है. बढ़ते किराये, सर्ज प्राइसिंग और शिकायतों से परेशान यात्रियों के लिए भारत टैक्सी को एक मजबूत विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, जो निजी ऐप**




**आधारित कैब कंपनियों को कड़ी चुनौती देगी.** भारत टैक्सी एक सरकारी समर्थन प्राप्त कैब सर्विस प्लेटफॉर्म है, जिसे यात्रियों और ड्राइवरों दोनों के फायदे को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. इसका उद्देश्य देशभर में एक भरोसेमंद, किफायती और आसान टैक्सी नेटवर्क खड़ा करना है, जिसकी शुरुआत आज दिल्ली से हो रही है. भारत टैक्सी को दुनिया के सबसे बड़े ड्राइवर-ओन्ड नेटवर्क के रूप में पेश किया जा रहा है. दिल्ली और गुजरात में कार, ऑटो और बाइक तीनों कैटेगरी मिलाकर 51,000 से अधिक ड्राइवर प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर हो चुके हैं. हालांकि अभी ये सहकारी कैब सर्विस पूरे देश में लागू नहीं हुई है, आज से ये सेवा दिल्ली में शुरू की जा रही है.

Maharashtra

मोम, पाउडर और 12 कैप्सूल...

## पानी के गिलास में छिपाकर लाया 3.89 करोड़ का सोना, मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा गया




**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गोल्ड स्मगलिंग का मामला सामने आया है. यहां निदेशालय ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने सोने की तस्करी करते एक यात्री को पकड़ लिया. अधिकारियों ने बताया कि DRI ने बहरीन से मुंबई आए एक यात्री को रोका और उसकी तलाशी ली. इस दौरान उसके पास 12 कैप्सूल में छिपा 3.05 किलो सोना बरामद किया गया.

एजेंसी के अनुसार, एक यात्री बहरीन से मुंबई पहुंचा था. वह एयरपोर्ट से जब बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, उसी दौरान सुरक्षा अधिकारियों को उस पर कुछ शक हुआ. उसे रोका गया और चेकिंग शुरू की गई. इस दौरान सामने आया कि उसके पास 12 कैप्सूल हैं, जो मोम में भरे हुए थे और उन्हें पानी के गिलास में छिपाया गया था, ताकि सुरक्षा जांच में पकड़े न जाएं. जांच के दौरान पाया गया कि बरामद किया गया सोना 24 कैरेट शुद्ध है और इसकी कीमत लगभग 3.89 करोड़ रुपये आंकी गई है.

इस पूरे मामले को लेकर DRI अधिकारियों ने कहा कि यह गिरफ्तारी खुफिया सूचना के आधार पर की गई. उन्होंने बताया कि सोने की तस्करी की यह साजिश इंटरनेशनल गैंग से जुड़ी हो सकती है. इस पूरे मामले की जांच जारी है. बरामद किए गए सोने को जब्त कर लिया गया है. आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

Haryana

## चलती वैन में महिला से गैंगरेप

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक 28 वर्षीय महिला के साथ चलती वैन में गैंगरेप का मामला सामने आया है। दो युवक महिला को करीब 3 घंटे तक शहर की सड़कों पर लेकर घुमाते रहे। इसके बाद उसे गाड़ी से सड़क पर फेंक दिया और भाग गए। महिला के चेहरे और सिर पर चोटें आई हैं। महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान उसके चेहरे पर 12 टांके आए हैं। थाना कोतवाली पुलिस ने बहन की शिकायत पर केस दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पीड़ित शादीशुदा है, उसके तीन बच्चे भी हैं। विवाद के चलते वह अपने पति से अलग रहती है। पीड़ित की बहन का कहना है कि युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने महिला को गाड़ी में बैठाया था। फिर उसके साथ गाड़ी में रेप किया। मामला फरीदाबाद के कल्याणपुरी इलाके का है। पीड़ित की बहन ने बताया कि सोमवार रात करीब 8:30 बजे छोटी बहन का फोन आया। बोली कि घर में मां से कहासुनी हो गई है। इसलिए दोस्त के घर जा रही हूं। दो-तीन घंटे में लौट आऊंगी।

Uttarpradesh

## संभल में होगा बड़ा एक्शन? मस्जिद के पास कब्रिस्तान पर कब्जा करने वालों का डाटा हो रहा तैयार

**संभल, (एजेंसी)** संभल में शाही जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की 4,780 वर्गमीटर भूमि पर पैमाइश के बाद बड़े एक्शन की तैयारी हो रही है। अवैध कब्जे के मामले में प्रशासन ने अगला कदम बढ़ा दिया है। सीमांकन के बाद चिन्हित किए गए 22 अवैध कब्जाधारकों का पूरा डाटा तैयार किया जा रहा है। प्रशासन एक-दो दिन के भीतर सभी को नोटिस जारी करेगा। इसके बाद अभिलेख प्रस्तुत करने और जवाब देने के लिए समय दिया जाएगा। निर्धारित अवधि में संतोषजनक साक्ष्य न मिलने पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उप जिलाधिकारी सदर रामानुज सिंह ने बताया कि मंगलवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कब्रिस्तान की नॉन जेड-ए श्रेणी की भूमि की पैमाइश कराई गई थी। राजस्व अभिलेखों से मिलान के बाद यह स्पष्ट हुआ कि 22 लोगों ने कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से मकान और



दुकानें बना रखी हैं। इनमें कुछ निर्माण हाल के वर्षों के हैं, जबकि कुछ कब्जे काफी पुराने बताए जा रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन किसी भी प्रकार की जल्दबाजी नहीं करेगा और सभी पक्षों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। नोटिस जारी होने के बाद संबंधित लोगों को यह बताना होगा कि उनके पास भूमि से संबंधित कौन-कौन से वैध दस्तावेज हैं। यदि कोई व्यक्ति अपने दावे के समर्थन में अभिलेख प्रस्तुत करता है, तो उनकी विधिवत जांच की जाएगी।

खेल

# टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में खतरे में बुमराह का शीर्ष स्थान, स्टार्क और नोमान ने कम किया अंतर

**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी की टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद हैं, लेकिन उनका ताज खतरे में है। आईसीसी की जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली ने बुमराह से अंतर कम कर लिया है। बुमराह 879 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन दूसरे स्थान से उनका अंतर सिर्फ 36 का है।

स्टार्क और अली फिलहाल 843 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। पैट कमिंस जो एडिलेड टेस्ट में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद दूसरे स्थान पर थे एशेज सीरीज के चौथे मैच में नहीं खेलने के कारण चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। कमिंस के 841 रेटिंग अंक हैं। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 836 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। स्टार्क ने मौजूदा



एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में 17.42 के औसत से 26 विकेट लिए हैं। अली ने 2025 में पाकिस्तान के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में 17.5 के औसत से 30 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के जोश टोंग जिन्हें मेलबर्न में कुल सात विकेट लिए थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, वह रैंकिंग में 13 स्थानों की छलांग लगाकर 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में हैरी ब्रूक तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एमसीजी में हुई टेस्ट जीत में उनकी 41 रन की पारी और नाबाद 18 रन की पारी का अहम योगदान रहा था। ब्रूक के 846 रेटिंग अंक हैं, जो पहले स्थान पर काबिज जो रूट से पीछे हैं। रूट के 867 रेटिंग अंक हैं। केन विलियमसन (तीसरा), ट्रेविस हेड (चौथा) और स्टीव स्मिथ (पांचवां) ब्रूक की रैंकिंग में उछाल के कारण एक-एक पायदान नीचे खिसक गए हैं।

भारत के शुभमन गिल जो चोट के कारण घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे, एक पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। गिल फिलहाल 730 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में सबसे ऊपर रहने वाले भारतीय खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल हैं, जो 750 रेटिंग अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं।

सिनेमा

## एक्शन-इमोशन और ढेर सारे जोश से भरी है धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म, अगस्त्य नंदा ने किया कमाल



हमारे देश के हर घर में एक कहानी है. यहां ढेरों जवान रहते हैं, जो समाज और परिवार से लड़कर आगे बढ़े हैं. कुछ ऐसे भी हैं, जो बचपन से ही फौज में भर्ती होने का सपना देखा करते थे. इन्हीं में से एक थे अरुण खेत्रपाल. भारत के सबसे यंग परमवीर चक्र विजेता. ये चक्र जीतने का सपना अरुण ने महज 21 साल की उम्र में देखा था. इसे उन्होंने पूरा भी किया. और जिस देश की सेवा वो बचपन से करना चाहते थे, उसके लिए अपनी जान भी दी. यही तो एक सच्चा फौजी करता है. अरुण के इसी शौर्य की गाथा है फिल्म 'इक्कीस'. डायरेक्टर श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' के चर्चे काफी वक्त से हो रहे थे. ये बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रहे धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है. तो वहीं अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने इसके साथ अपना थिएटर में डेब्यू किया है. अक्षय कुमार की भतीजी सिमर भाटिया की भी ये पहली फिल्म है. इन सभी के साथ इसमें जयदीप अहलावत भी हैं. जाहिर है, इतने सारे एलिमेंट्स के साथ मिलकर बनी ये वॉर फिल्म खास तो होनी ही थी. आइए आपको बताते हैं कि 'इक्कीस' कैसी है. फिल्म 'इक्कीस' की शुरुआत कशमकश में डूबे ब्रिगेडियर नासिर (जयदीप अहलावत) के रिटायर्ड ब्रिगेडियर एमएल खेत्रपाल (धर्मेंद्र) से मुलाकात करने से होती है. भारत-पाकिस्तान के बीच लड़े गए कारगिल युद्ध को 30 साल बीत चुके हैं. साल 2001 का वक्त है, जब सीनियर खेत्रपाल पाकिस्तान गए हैं. दोनों की मुलाकात होती है, नासिर उन्हें अपने घर में ठहराते हैं और उन्हें उनके पिंड सरगोधा भी लेकर जाते हैं, जहां वो कभी रहा करते थे.

## Highlights

1. Sub Inspector aspirant blames cold for failing test, HC slams him
2. Gold, silver prices fall in India on last day of 2025
3. 'India made a big mistake,' says Pahalgam mastermind, mentions 'Kashmir mission'
4. Death toll due to contaminated drinking water in Indore rises to 7
5. Price of piped cooking gas reduced in Delhi-NCR from January 1
6. When did allies start dictating us: Congress MP over 'TN debt' post row

# For Indian phone brands, innovation and not manufacturing is the dilemma




**NEW DELHI, (Agency).** It is a curious paradox. Even as India's smartphone market clocks new shipment milestones quarter after quarter, helped in no small measure by a rapidly expanding local manufacturing base, the absence of strong homegrown brands on the market share charts remains glaring. Lava remains the lone outlier, even as phone brands including Karbonn have realigned focus to more affordable feature phones, while Ai+ is still finding its feet, and niche. Beyond that, questions persist — why does the world's second-largest smartphone market lack a domestic champion, where did Indian phone makers lose their way, and is there still a realistic second chance at a comeback?

Analyst data suggests India achieved a five-year high with smartphone shipments in the third quarter of 2025, and remains a close battle between Vivo, Samsung and Oppo at the top of the volume charts. Apple is closing in fast, on the leading pack. Counterpoint's latest data pegs Vivo with a 20% share, followed by Samsung (13%), Oppo (also 13%) and Apple with 9%. In the snippets lies a crucial detail — Lava was the fastest growing brand in the sub ₹10,000 price band with a 135% year-on-year growth, and also the second fastest growing brand under ₹15,000.

Faisal Kawoosa, chief analyst at research firm Techarc, believes the rise and fall of Indian phone makers such as Micromax (and its Yu sub-brand), Karbonn, Intex and Spice can be traced back to a fundamental flaw.

# India puts excise duty on tobacco products, including cigarettes, from February 1



**NEW DELHI, (Agency).** The government has imposed additional excise duty on tobacco products from 1 February 2026, making cigarettes costlier for an estimated 10 crore smokers in the world's most populous country.

Late on Wednesday, the finance ministry notified the Chewing Tobacco, Jarda Scented Tobacco and Gutkha Packing Machines (Capacity Determination and Collection of Duty) Rules, 2026. That imposed an excise duty of ₹2,050-8,500 per 1,000 sticks, depending on cigarette length, effective 1 February.

Stocks of India's largest cigarette makers ITC and Godfrey Philips fell as much as 8% after the govt imposed a cigarette tax on top of 40% GST.

ITC, maker of Gold Flake and Classic cigarettes and the market leader, dropped 2%, while Godfrey Phillips India—the distributor of Marlboro cigarettes in India—fell 4.1%. ITC was the biggest loser on the Nifty 50 index and also led declines on the FMCG index, which was trading 0.6% lower.

### Cigarette tax in India

The excise duty on tobacco products, including pan masala and cigarettes, is on top of the GST rate of 40%. It replaces compensation cess, which has been done away with as part of a broader move to rationalise goods and services tax in the world's fourth largest economy.

# पकड़ाए 17 संदिग्ध युवक पश्चिम बंगाल के निकले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मल्हारगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एक सिलाई कारखाने में काम करने वाले 17 संदिग्ध युवकों को पकड़ा था। उन पर बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया था।**

मामले में पुलिस ने जांच की तो सभी कारीगर युवक पश्चिम बंगाल के निकले। जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। दूसरी तरफ पुलिस ने इस मामले में थाने पर सभी की जानकारी नहीं दिए जाने के चलते कारखाना संचालक पर कार्रवाई की है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सोमवार को कमला नेहरू नगर से 17 संदिग्ध बांग्लादेशी पकड़ाए थे। बीजेपी नेताओं ने उन्हें अवैध तरीके से रहने की बात करते हुए बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया था। पुलिस ने सभी के आधार कार्ड अपने पास रखे थे। इसके बाद संबधित जिलों से सभी की जानकारी निकलवाई गई। जिसमें 11 कारीगर नंदीग्राम, 1 मदीनापुर वहीं 4 अन्य जिले के निकले हैं। पुलिस ने वेरिफिकेशन कर बताया कि सभी इंदौर में काम के लिए गए हुए हैं। वहीं 3 साल से कारीगरों की जानकारी नहीं देने वाले सिलाई कारखाना के संचालक खेमचंद लिखार के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।मामले में बीजेपी कार्यकर्ता ने सोमवार को इलाके में हंगामा मचाते हुए आरोप लगाया था कि वहां करीब 50 बांग्लादेशी बिना जानकारी के रह रहे हैं। उनपर संदिग्ध गतिविधियों के आरोप भी लगाए थे। लेकिन पुलिस जांच में इस तरह की कोई भी बात सामने नही आई।



## चाइनीज मांझा बेचने वाले मेवाती मोहल्ला के दो दुकानदार तड़ीपार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नर संतोष कुमारसिंह ने मेवाती मोहल्ला के दो दुकानदारों को तड़ीपार (जिलाबदर) कर दिया। आरोपितों को चाइनीज मांझा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस मांझा बेचने वालों के गोदाम और दुकानों को सील भी कर चुकी है। कमिश्नर ने 3 के विरुद्ध निर्बंधन की कार्रवाई करते हुए थाने में हाजिरी लगाने के आदेश दिए है। एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक शोएब पुत्र मोहम्मद सईद मेव निवासी मेवाती मोहल्ला और समीर पुत्र शफीक मेव निवासी मेवाती मोहल्ला को जिलाबदर किया गया है। आरोपितों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा भी दर्ज हो चुका है। आरोपित शफीक मेव निवासी मेवाती मोहल्ला, जावेद उर्फ बबलू खान निवासी फरीद खान, आरिफ हुसैन निवासी मेवाती मोहल्ला को निर्बंधन के तहत थाना में में हाजिरी लगाने के आदेश दिए है। एडीसीपी के मुताबिक बायपास पर एक छात्र की चाइनीज मांझा से गला कटने से मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने और खरीदने वालों के विरुद्ध मुहिम चलाई और विभिन्न थानों में 30 अपराध पंजिबद्ध किए। पुलिस ने 42 लोगों को आरोपित बनाया। बीस अन्य आरोपितों को जिलाबदर किया जाएगा। आयुक्त ने शोएब उर्फ अन्नू, सचिन बकावले, राहुल उर्फ बबाल, बलप्रीत उर्फ बाबी, सुधीर सिलावट के खिलाफ भी निर्बंधन के तहत आदेश दिए है। नागेश वाघ, करण केवट, हेमंत उर्फ लक्की, राहुल उर्फ टोपी और कृष्णा उर्फ बाबू कटोरा को भी जिलाबदर किया है।

## डायरेक्टर के केबिन से 7 लाख चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में स्थित एक निजी कंपनी के कार्यालय में चोरी की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने डायरेक्टर के ऑफिस में बने लॉकर को तोड़कर करीब 7 लाख रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ईश्वर पुत्र आत्माराम पवार की शिकायत पर लसूड़िया थाने में चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात आरोपियों ने लेक्सो हाउस स्थित कंपनी कार्यालय का ताला तोड़ा और डायरेक्टर योगेश शर्मा के केबिन में बने लॉकर से 7 लाख रुपए चोरी कर लिए। यह रकम कर्मचारियों को भुगतान के लिए बैंक से निकाली गई थी। पुलिस ने जब कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो फुटेज में संदिग्ध आरोपी नजर आए हैं। इन्हीं फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश की जा रही है। बता दें कि संबंधित कंपनी रेलवे की ठेकेदारी का काम करती है और यहां रेलवे से जुड़े कार्यों का संचालन होता है। लसूड़िया थाना प्रभारी टीआई तारेश सोनी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो आरोपी रात 2 बजे के बाद कार्यालय में आते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस टीम लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर चोरी की रकम बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

## स्कार्पियो दुकान में घुसी, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अंडे की दुकान में जा घुसी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। जबकि उसकी बहन और दुकान संचालक घायल हुए हैं। सभी को एमवाय अस्पताल ले जाया गया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना किला मैदान के पास मरीमाता रोड की है। यहां पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार एमपी35-जेड0056) से हादसा हुआ। हादसे में बिल्डिंग के ऊपर कोचिंग की जानकारी लेने आए कुशवाह नगर निवासी छात्र चंदन पिता गौरीशंकर शर्मा की मौत हो गई। जबकि उसकी बहन नंदनी शर्मा (17) भी घायल हुई है। हादसे के समय मां सुनीता भी मौजूद थीं, जो आगे की तरफ निकल गई थीं। वहीं इस हादसे में अंडे की दुकान पर बैठे आशीष यादव भी घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बातचीत में बताया कि चंदन अपनी बहन और मां के साथ यहां कोचिंग की जानकारी लेने आया था। तीनों नीचे उतरे और सड़क की तरफ जा रहे थे, जिसमें चंदन सबसे पीछे रह गया। वह बिजली के पोल और स्कॉर्पियो के बीच आ गया, जिसमें दबने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि कार में दो सिख व्यक्ति और एक महिला सवार थे। कार चला रहे व्यक्ति को अचानक घबराहट हो गई, जिससे कार की रफ्तार बढ़ गई। भीड़ ने उन्हें मौके पर उतार लिया था। बाणगंगा पुलिस उन्हें अपने साथ लेकर चली गई।


ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक